

# भाजपा नगर मंडल के शक्ति केंद्रों की कामकाजी बैठक

▸ विभिन्न बूथों पर सामूहिक सुना गया मन की बात कार्यक्रम



**नागदा। भारतीय जनता पार्टी नागदा नगर मंडल ने संगठनात्मक गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से नगर के सभी नौ शक्ति केंद्रों पर कामकाजी बैठकों का आयोजन किया गया। 24 मई से 28 मई के मध्य आयोजित इन बैठकों का नेतृत्व नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल ने किया।**

नगर मंडल के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार तथा विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान एवं भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ के मार्गदर्शन में आयोजित बैठकों में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठकों का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय सहित महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारियों ने अपने–अपने क्षेत्रों के बूथों की गतिविधियों, संगठनात्मक कार्यों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग से सतत संपर्क बनाए रखने का आव्हान किया गया।

बैठकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के प्रसारण को लेकर भी विशेष रणनीति तैयार की गई। जिसके अंतर्गत 31 मई को प्रात: 11 बजे नगर के विभिन्न बूथों एवं शक्ति केंद्रों पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों की सहभागिता के साथ सामूहिक रूप से मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रहित, सामाजिक जागरूकता, नवाचार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी से जुड़े विषयों पर व्यक्त विचारों को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। बैठकों में नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल सहित मंडल के पदाधिकारी, नगर महिला मंडल, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

## मन की बात कार्यक्रम सुना...



**खाचरौद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें एपिसोड का श्रवण बूथ क्रमांक 212 पर क्षेत्र के विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान के साथ वार्ड के वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में लालबाई–फूलबाई मंदिर परिसर में किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जागरूकता, जनभागीदारी एवं प्रेरणादायी कार्यों से जुड़े विचारों को सुना और आत्मसात किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया।

## एक नजर में

### नृत्य जत्रा में प्रतिभागियों ने सीखा मोहिनीअट्टम



**इंदौर**. नई पीढ़ी को भारतीय लोक संस्कृति एवं पारंपरिक कला से जोड़ने के उद्देश्य से मराठी सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित चार दिवसीय लोककला एवं लोकनृत्य कार्यशाला नृत्य जत्रा के तीसरे दिन प्रतिभागियों को मोहिनीअट्टम एवं विभिन्न लोकनृत्यों का प्रशिक्षण दिया गया. प्रसिद्ध नृत्यांगना और नालन्दा नृत्य कला महाविद्यालय में प्रदर्शन कला की सह–प्राध्यापिका डॉ. माधुरी देशमुख ने युवाओं को मोहिनीअट्टम की बारीकियों से अवगत कराया और पारंपरिक नृत्य शैलियों का अभ्यास करवाया. कार्यक्रम संयोजक ज्योत्स्ना सोहनी एवं तृप्ति महाजन ने बताया कि कार्यशाला में विशेष प्रशिक्षण देने के लिए डॉ. माधुरी देशमुख आमंत्रित हुईं. उनका स्वागत सुधीर दांडेकर एवं मनीषा लिखिते द्वारा किया गया. लोकमान्य विद्या निकेतन के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में जूनियर वर्ग के प्रतिभागी सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा सीनियर वर्ग के प्रतिभागी दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. संस्था के राजेश शाह ने बताया कि रविवार 31 मई को कार्यशाला का समापन होगा. समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षु विभिन्न नृत्य समूहों में रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे.

### ऑडिशन में प्रतिभा दिखाने पहुंचे कलाकार

**इंदौर**. नसिया रोड स्थित क्रिश्चियन कॉलेज में केकेसी क्लब एवं संगीत सेवा सहारा द्वारा आयोजित टैलेंट शो में अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए बड़ी संख्या में हर उम्र के कलाकार पहुँचे. और सभी ने उत्साह दिखाया. आयोजक दीपक पाठक और रेखा रावल ने बताया कि पहले दिन मध्य प्रदेश सहित राजस्थान, गुजरात, महा राष्ट, उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से कलाकार आये. सभी ने अपनी प्रतिभा का बखूबी परिचय दिया. कराओगे ट्रैक पर हुए आडिशन में प्रतिभागियों ने फिल्मी गीत गाकर जजेस को प्रभावित किया. आडिशन की शुरूआत सुबह 10 बजे हुई और रात तक जारी रही. पहले दिन 84 प्रतिभागियों ने ऑडिशन दिये. 31 मई को भी आडिशन सुबह से लेकर रात तक जारी रहेगे. रेखा रावल ने बताया कि हमारा यह आयोजन देश के कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए किया जा रहा है. केकेसी टैलेंट शो का यह आयोजन कुल चार राउंड मे तैयार किया गया है, चारों राउंड इंदौर मे हो रहे है. इसमें किसी भी उम्र के गायक कलाकार शामिल हो सकते है. निर्णायक द्वारा दिए गए निर्णय के आधार पर अगले राउंड मे चयन होगा. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा. सीजन–1 का ग्रेंड फीनाले 14 जून को होगा.





### सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव 4 जून से

**इंदौर**. पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में वैसे तो शहर में अनेक आयोजन हो रहे हैं लेकिन गुरुवार 4 जून को एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका पर देवभूमि गुप्त काशी– केदारखंड में महामंडलेश्वर स्वामी गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन' के सानिध्य में रहकर कर्मकांड एवं सनातन धर्म से जुड़े अनेक विषयों और विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करने वाले श्री श्रीविद्याधाम के ब्रह्मचारी आचार्य प्रशांत के निर्देशन में हो रहे सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव का पहला न्योता उज्जैन में महाकालेश्वर, माँ हरसिद्धि, इंदौर में माँ त्रिपुर सुंदरी भगवती के चरणों में समर्पित किया गया. इस अनुष्ठान में भगवान विष्णु एवं महालक्ष्मीजी के श्रीयंत्र का विशेष पूजन–अर्चन होगा, कन्या पूजन, सौभाग्यवती पूजन एवं ब्राह्मण पूजन का भी शास्त्रोक्त विधि से पालन होगा. नरसिंह वाटिका में इस मौके पर माँ भगवती का दरबार भी सुश्रृंगारित किया जाएगा. इस अनुष्ठान के सूत्रधार आचार्य ब्रह्मचारी प्रशांत ने बताया कि 4 जून को अपराह्न 4 बजे से प्रख्यात भजन गायकों द्वारा माँ भगवती के दरबार को श्रृंगारित कर वहां भजनों की प्रस्तुति के पश्चात शाम 5 बजे से संध्याकालीन साधना विधान प्रारंभ होगा जिसमें 21 वेदपाठी बटुक एवं 11 अन्य विद्वान विधि विधान पूर्वक श्रीचक्र साधना क्रम का शुभारंभ करेंगे.

### जिम्मी मगिलिगन सेंटर में पर्यावरण संवाद सप्ताह शुरु

**इंदौर**. विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट में पर्यावरण संवाद सप्ताह का शुभारंभ वीरेंद्र गोयल, डॉ. नीरजा पौराणिक और जनक मगिलिगन द्वारा प्रकृति को समर्पित प्रार्थनाओं से किया. डॉ. जनक पलटा मगिलिगन ने सभी का स्वागत किया और बताया कि 1992 से चले आ रहे उनके द्वारा पर्यावरण संवाद का 34वां साल हैं. उन्होंने बताया की यूएनईपी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम सामूहिक कार्रवाई घोषित की गई. जिम्मी और जनक मगिलिगन फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट के ट्रस्टी वीरेंद्र गोयल ने पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवन शैली के महत्व पर ज़ोर दिया. बायोटेक्नोलॉजिस्ट और रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. अनुराग तिवारी ने पानी और हवा को बचाने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, इंदौर वन प्रभाग के मुख्य वन संरक्षक पी.एन. मिश्रा ने सतत विकास, ज्ञानोदय और सकारात्मक सोच की शक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए. मालवांचल के मनोचिकित्सक डॉ. राम गुलाम ने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की आवश्यकता है. विशेष अतिथि अनुराग तिवारी, रिसर्च एंड डेवलपमेंट डायरेक्टर, एक्रोपोलिस यूनिवर्सिटी ने बताया कि प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर जीवन जीना अत्यंत सुकूनभरा, शांतिदायक एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने वाला है. संचालन डीएवीवी एमएसडब्ल्यू इंटर्न निलेश चौहान ने किया. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुजराती कॉलेज की सेवानिवृत्त प्रोफेसर जयश्री सिक्का, कलेक्टोरेट कार्यालय से महेंद्र धाकड़ जी, डीएवीवी इकोनॉमिक्स इंटर्न तुहिना झा आदि उपस्थित रहे.

# समाज में विजुअल लिटरेसी बढ़ाने के लिए करने होंगे गंभीर प्रयास

▸ अभिनव रंगमंडल के कला संवाद में चित्रकला और समाज के सरोकारों पर मंथन







**उज्जैन। अभिनव रंगमंडल की मासिक संवाद श्रृंखला के अंतर्गत शनिवार शाम कला संवाद का आयोजन किया गया। चित्रकला समाज सरोकार और चित्रकार विषय पर केंद्रित इस आयोजन में कला, समाज, प्रतिरोध, चित्रकारों की आजीविका, चित्रों के मूल्य निर्धारण, कला अकादमियों, आर्ट गैलरीज, कला संरक्षण और बाजार की उपस्थिति जैसे महत्वपूर्ण सवालों पर गंभीर विमर्श हुआ।**

**कला के प्रति प्रतिबद्धता ही श्रेष्ठता की कसौटी:** संवाद में ख्यात प्रयोगधर्मी चित्रकार एवं ग्राफिक डिजाइनर अक्षय आमेरिया ने कहा कि समाज में विजुअल लिटरेसी कम हो रही है। इसे बढ़ाने और कला दीर्घाओं व संवाद में लोगों की उपस्थिति बढ़ाने के सतत प्रयास करने होंगे।

**बाजार तय करता है चित्रों का मूल्य:** प्रसिद्ध चित्रकार एवं कला समीक्षक महावीर वर्मा ने कहा कि कला समाज को परिष्कृत कर मनुष्य का निर्माण करती है। चित्रों के मूल्य बाजार तय करता है।

**प्रतिरोध कलाकारों का प्रमुख सामाजिक उत्तरदायित्व:** फनकार क्लब आर्ट गैलरी की प्रमुख वसु गुप्ता, प्रो. अरुण वर्मा और पिलकेंद्र अरोरा ने अपने सवालों से संवाद को विचारोत्तेजक बनाया।

अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कलागुरु श्रीकृष्ण जोशी ने अभिनव रंगमंडल के निदेशक शरद शर्मा को उज्जैन में नाट्यकला के पुनर्जागरण का दूत बताया। कार्यक्रम का संयोजन एवं मॉडरेशन कवि व कथाकार शशिभूषण ने किया। संवाद में निरुक्त भार्गव, प्रकाश देशमुख, मुकेश जोशी, सुधा शर्मा, भूषण जैन, पांखुरी वक्त और चेतना जोशी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अंत में निदेशक शरद शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अभिनव रंगमंडल एकमात्र नाट्य संस्था है जो सभी कलाओं पर काम कर रही है और यह विचार उन्हें 1991 में सांस्कृतिक पुरोधा अशोक वाजपेयी से मिला था।

# राष्ट्रीय सिंधी मंच उज्जैन की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा, विनोद लुल्ला बने जिला अध्यक्ष





**उज्जैन। राष्ट्रीय सिंधी मंच उज्जैन जिले की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। महेश परियानी के नेतृत्व में संपन्न हुए कार्यक्रम में सर्वसम्मति से विनोद लुल्ला को जिलाध्यक्ष चुना गया है।**

संस्थापक अध्यक्ष रोशनलाल उत्तमानी, संरक्षक राजकुमार परसवानी, चंदीराम जेठवानी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक बेलानी की अनुशंसा पर जिला टीम का गठन किया गया है। नवीन कार्यकारिणी में सचिव का दायित्व तुलसी राजवानी और कोषाध्यक्ष का प्रभार रवि डोडानी को सौंपा गया है। इसके साथ ही जेठानंद जयसिंघानी, कमल शाहलानी और सौरभ बेलानी को उपाध्यक्ष, विजय भागचंदानी को सहसचिव और नरेंद्र सबनानी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नितिन भिमवानी, मोंटी जीवनानी, कपिल खत्री, यश खत्री, रवि गंगवानी, राजकुमार धर्मदासानी, जितेश खेमानी, दिलीप वाधवानी, राजकुमार केवलरामानी और श्रीकांत नारायणी को टीम में शामिल किया गया है। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक बेलानी ने किया।

### वरिष्ठों और मातृशक्ति ने बढ़ाई आयोजन की शोभा

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों और मातृशक्ति की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। वरिष्ठजनों में डॉ. सुनील खत्री, दौलत खेमचंदानी, रतनलाल काका, चिमनदास लखानी, महेश गंगवानी, किशोर मुलानी, ललित लुल्ला और लोकेश आडवाणी मौजूद रहे। वहीं मातृशक्ति के रूप में नीलम खत्री, रिंकू बेलानी, शोभा शर्मा, नेहा मोटवानी, पूजा खेमानी, ज्योति थानी, पलक वाधवानी, लता जीवनानी, हर्ष नानवानी, दीपा नारवानी और दीपा लीलानी ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं।

# दिग्विजय सिंह चौहान बने लायंस क्लब उज्जैन अशोक के नए अध्यक्ष





▸ आगामी सेवा वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी का गठन शशांक भट्ट सचिव और पंकज गेरा को मिला कोषाध्यक्ष का दायित्व

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन अशोक की मासिक साधारण सभा में आगामी सेवा वर्ष 2026–27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसमें लायन दिग्विजय सिंह चौहान को क्लब का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही लायन शशांक भट्ट को सचिव और लायन पंकज गेरा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बैठक में अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई। इसमें आरएस परमार, गुरमीतसिंह राठौर तथा नितेंद्र रघुवंशी को उपाध्यक्ष और लायन संजीव भाई आचार्य को सह–सचिव का दायित्व सौंपा गया। बैठक के दौरान महेश मालवीय, दीपक शाह और संजीव गडकरी का सम्मान किया गया। क्लब के वर्तमान अध्यक्ष चिराग शाह ने नई कार्यकारिणी की जानकारी दी। बैठक के समापन पर क्लब सचिव हरि राम सोलंकी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्रीकांत वैशंपायन, गिरीश जायसवाल, सुनील शाह, तरुण और मिलिंद सहित कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

**एक नजर** ▸ **उन्हेल पुलिस ने किया पिपलियाडाबी हत्याकांड का खुलासा**

# प्रेम प्रसंग में बाधक बनने पर पति की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार





**उन्हेल। थाना उन्हेल क्षेत्र के ग्राम पिपलियाडाबी में हुई हत्या की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

जानकारी अनुसार शनिवार को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पिपलियाडाबी निवासी भारत सिंह पिता भगवान सिंह राजपूत की लाश उसके खेत में पड़ी हुई है। सूचना पर थाना प्रभारी उन्हेल निरीक्षक संतोष चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर मृतक भारत सिंह का शव खेत में पड़ा मिला, जिसके सिर पर किसी भारी वस्तु से चोट के निशान थे तथा अत्यधिक रक्तस्राव हुआ था। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होने पर थाना उन्हेल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। विवेचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेह मृतक की पत्नी सोनाकंवर एवं ग्राम पिपलियाडाबी निवासी जितेन्द्र सिंह पिता सुरेश सिंह राजपूत पर गया। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में सामने आया कि मृतक की पत्नी सोनाकंवर के जितेन्द्र सिंह के साथ प्रेम संबंध थे। मृतक भारत सिंह इस संबंध का विरोध करता था। जिससे दोनों के बीच विवाद होता रहता था। प्रेम संबंधों में बाधा बनने पर सोनाकंवर एवं जितेन्द्र सिंह ने भारत सिंह की हत्या की योजना बनाई।

**साजिश रच की हत्या:** योजना के अनुसार 29 मई शुक्रवार की रात्रि लगभग 10 बजे जितेन्द्र सिंह, भारत सिंह को बहाने से उसके खेत पर ले गया। वहां दोनों ने शराब पी। इसी दौरान जितेन्द्र सिंह ने पास में पड़े पत्थर से भारत सिंह के सिर पर कई वार किए। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हत्या के बाद आरोपियों ने घटना को छिपाने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी जितेन्द्र सिंह एवं सोनाकंवर को गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस अधिकारियों ने की लगातार सर्चिंग

सनसनीखेज प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी में थाना उन्हेल के निम्न अधिकारी–कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। जिसमें निरीक्षक संतोष चौहान, थाना प्रभारी उन्हेल उप निरीक्षक एमएल मालवीय, प्रधान आरक्षक रमेश्वर पटेल, आरक्षक महेन्द्र मिश्रा, आरक्षक प्रेम मबरवाल, महिला प्रधान आरक्षक श्रद्धा शुक्ला, आरक्षक अवनीश, आरक्षक संजीव, आरक्षक कृपाशंकर सेन रही। जानकारी उन्हेल पुलिस ने दी।